प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

14.05.2025 / प्रादेशिक समाचार / 11:00बजे

प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पाकिस्तान को कड़ा संदेश देते हुए कहा है कि पाकिस्तान में अब कोई ऐसी जगह नहीं बची है, जहां आतंकवादी चैन की सांस ले सकें। उन्होंने कहा कि भारत के पास आतंकवादियों को उनके घर में घुसकर खत्म करने की क्षमता है। मोदी ने यह बात पंजाब के आदमपुर वायुसेना स्टेशन पर वायु सेना के जवानों को संबोधित करते हुए कही। ऑपरेशन सिंदूर की सफलता की सराहना करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि यह भारत की नीति, नीयत और निर्णायक क्षमता की जीत है। प्रधानमंत्री ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान देश की रक्षा करने वाले सशस्त्र बलों के साहस, वीरता और कार्यकुशलता की सराहना की।

भाजपा– तिरंगा यात्रा

ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद भाजपा ने देशभर में 11 दिन का राष्ट्रव्यापी संपर्क अभियान शुरू किया है। तिरंगा यात्रा के नाम से यह अभियान पाकिस्तान के खिलाफ भारतीय सेना की सफलता को लोगों तक पहुंचाएगा। प्रदेश में भी इस यात्रा को लेकर पार्टी ने कार्यक्रम तय किए हैं। आज शिमला में तिरंगा यात्रा के तहत कार्यक्रम आयोजित होगा। इसी कड़ी में भाजपा सीटीयू चौक से लोअर बाजार होते हुए नाज चौक तक तिरंगा यात्रा निकालेगी। कल 15 मई को धर्मशाला में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जाएगा, जिसमें समाज का हर वर्ग, विभिन्न एनजीओ, पूर्व सैनिक व युवा वर्ग भाग लेंगे। ये तिरंगा यात्रा 23 मई तक चलेगी और इस दौरान राष्ट्र प्रेम व एकता का संदेश दिया जाएगा।

प्रदेश भाजपा महिला मोर्चा की अध्यक्ष वंदना योगी ने बताया कि ये तिरंगा यात्रा भारतीय सेना की वीरता व शौर्य को समर्पित होगी। उन्होंने कहा कि ये तिरंगा यात्रा देश के गौरव के साथ जुड़ी है और उन्होंने समाज के सभी वर्गों से यात्रा में बढ़चढ़ कर भाग लेने की अपील की है।

शपथ

न्यायमूर्ति भूषण रामकृष्ण गवई ने आज भारत के 52वें मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ ग्रहण की। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आज सुबह राष्ट्रपति भवन में एक विशेष समारोह में न्यायमूर्ति बी.आर. गवई को पद की शपथ दिलाई। न्यायमूर्ति गवई ने न्यायमूर्ति संजीव खन्ना का स्थान लिया है, जिनका कल कार्यकाल समाप्त हो गया था। समारोह में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, कई केंद्रीय मंत्रियों, और सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीशों सहित कई गणमान्य उपस्थित थे।––

फसल नुकसान

प्रदेश में अप्रैल व मई के महीनों में सक्रिय हुए पश्चिमी विक्षोभ के चलते जहां जनजीवन अस्त व्यस्त हुआ है, वहीं फल–सब्जी और फसलों को भी इसका नुकसान पहुंचा है। उद्यान विभाग मंडी के उपनिदेशक संजय गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला में बागवानी में हाल ही हुई आंधी–तुफान, ओलावृष्टि और बारिश से 5 करोड़ के करीब नुकसान का आंकलन विभाग ने लगाया है। जिला में सेब, आम, गुठलीदार फलों के अलावा ग्रीन हाऊस में पैदा होने वाली फसल को यह नुकसान पहुंचा है।

प्राकृतिक खेती

प्राकृतिक खेती से तैयार विभिन्न फसलों के लिए प्रदेश सरकार ने अलग से न्यूनतम समर्थन मूल्य घोषित किए हैं, जिससे किसानों की आय में काफी वृद्धि होने की उम्मीद है। इसी कड़ी में हमीरपुर जिला में भी कल से गेहूं और हल्दी की खरीद शुरू की जा रही है। गेहूं की खरीद हिमाचल प्रदेश राज्य नागरिक आपूर्ति निगम द्वारा कृषि विभाग की आतमा परियोजना के सहयोग से की जा रही है। जिला परियोजना निदेशक नितिन कुमार शर्मा ने बताया कि इच्छुक किसान गेहूं को 15 से 25 मई तक निगम के गोदाम में बेच सकते हैं। उन्होंने बताया कि इन फसलों की बिक्री के संबंध में अधिक जानकारी के लिए खंड और सहायक तकनीकी प्रबंधक से भी संपर्क कर सकते है। उन्होंने जिला के किसानों से इस खरीद कार्यक्रम का लाभ उठाने की अपील की है।